हरित ईंधन का स्रोत बन रही यूपी की चीनी मिलें

प्रदेश में चीनी मिल उद्योग की स्थापना के 120 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की चीनी मिलें हरित ईंधन का बड़ा स्रोत बनने जा रही हैं। समय पर भुगतान से गन्ना किसान खुशहाल हैं, तो चीनी मिलें भी दौड़ रही हैं। यूपी ने किसानों की आय दोगुनी होने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को भी पूरा किया है। उन्होंने कहा कि सौ मिलें किसानों का समय से भुगतान कर रही हैं।

सीएम ने बाकी मिल मालिकों को चेताया कि अपने रवैये को बदलें। मुख्यमंत्री शुक्रवार इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदेश में चीनी मिल उद्योग की स्थापना के 120 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि कोरोना काल में चीनी मिलों ने शानदार काम किया। मिल चलाने के साथ सैनिटाइजर का उत्पादन भी किया। सैनिटाइजर की 50 रुपये की बोतल ब्लैक में 500 रुपये की बिक रही थी। इस पहल से 25 रुपये की हो गयी। हमने 27 राज्यों को भी सैनिटाइजर दिया। कोरोना की दूसरी लहर में चीनी मिलों ने ऑक्सीजन प्लांट लगाने में भी मदद की। अब चीनी मिलें एथेनॉल समेत कई चीजों का उत्पादन कर रही हैं। एथेनॉल निर्माण ने हमको नया रास्ता दिखाया है। सीएम ने कहा कि वर्तमान में किसानों को राज्य सरकार ने 1.97 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया है। जब हम दो लाख करोड़ का भुगतान कर दें, तो आप एक समारोह आयोजित कर दीजिएगा।

प्रदेश में चीनी मिल उद्योग की स्थापना के 120 वर्ष पूरे होने पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह को सीएम योगी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चीनी मिल उद्योग पर आधारित कॉफी टेबिल बुक का भी विमोचन किया। -संवाद

गन्ना किसानों को समय पर भुगतान नहीं करने वाले मिल मालिकों को चेताया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चीनी मिल उद्योग में सराहनीय योगदान देने वाले लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया। साथ ही चीनी मिल उद्योग पर आधारित कॉफी टेबिल बुक का भी विमोचन किया। इससे पूर्व इथनॉल से चलने वाली टोयटा की फ्लेक्सी फ्यूल व्हीकल को लेकर एक एमओयू भी हुआ।

इनको किया गया सम्मानित : ध्रुव मोहन साहनी, स्वर्गीय डॉ. केके बिरला, स्वर्गीय लाला बंशीधर, स्वर्गीय मीनाक्षी सराओगी, स्वर्गीय साहू प्रसाद माधव तथा कुंवर विजय कुमार गोयल। दिवंगत लोगों की तरफ से उनके परिजनों एवं प्रतिष्ठान के प्रतिनिधियों ने सम्मान प्राप्त किया।

कारखाना लगाने को बोल दीजिए

कार्यक्रम में गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि चीनी मिल उद्योग ने पिछली सरकारों में बुरा दौर भी देखा। अब यह सबसे मजबूत उद्योग बनकर उभरा है। एथेनॉल से चलने वाली गाड़ी को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी बात कोई टालता नहीं है। टोयटा से इसका कारखाना यहां लगाने को बोल दीजिए। कार्यक्रम को गन्ना विकास राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी व चीनी मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।